>

Title: Need to make the services of Group 'D' employees working in Quasi Administrative Offices in Railways working on temporary basis into permanent one.

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार): ज्ञातव्य हो कि रेलवे के अर्ध प्रशासकीय कार्यालय या संगठन में कार्यरत कर्मचारियों को 5 वर्ष सेवाकाल पूरा होने पर रेलवे के अर्ध प्रशासकीय कार्यालय या संगठन में कार्यरत कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति ग्रुप " डी" में की गयी , परंतु वर्ष 2001 के बाद इस प्रकार की स्थायी नियुक्ति नहीं हो पायी है । मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि वर्ष 2001 के बाद ऐसे लोग जो रेलवे के अर्ध प्रशासकीय कार्यालय/संगठन में कार्यरत हैं, को पूर्व की भांति रेलवे में स्थायी नियुक्ति दी जाए ।